10. क्रिया का काल

काल द्वारा क्रिया या काम के होने के समय का पता चलता है। क्रिया किस काल में हुई, हो रही है या होगी, यह जानकारी काल से ही मिलती है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को बताएँ, कोई काम कब हुआ या कोई घटना कब घटित हुई इसकी जानकारी उसके काल से मिलती है।
- ❖ तदुपरांत पाठ पृष्ठ 49 पर दिए गए वाक्य पढ़ें और एक-एक करके बताएँ कि कौन-सा वाक्य काम के किस समय या काल में होने के बारे में बता रहा है।
- ❖ समझाएँ, काल का पता वाक्य की क्रिया से चलता है।
- ❖ सुनिश्चित करें, बच्चों को काल भली-भाँति समझ आ गया है।
- ❖ काल के भेद बच्चों को बताएँ।
- ❖ समझाएँ, बीते हुए समय में किए गए कार्य भूतकाल, चल रहे समय में हो रहे कार्य वर्तमान काल तथा आने वाले में समय में किए जाने वाले कार्य भविष्य काल की सूचना देते हैं।
- ❖ बीच-बीच में कुछ वाक्य बोलें और बच्चों से उनका काल बताने को कहें।
- ❖ मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से पूछें।
- ❖ अभ्यास बच्चों से करवाएँ।